राजस्थानी भाषा का वैबिनार करायेगी अकादमी, साहित्यकारों का बनेगा डेटा बेस

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर का वेबिनार आयोजित किया जायेगा। वहीं युवाओं तक राजस्थानी भाषा और साहित्य की पहुंच बनाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जायेगा। राजस्थानी भाषा के लेखकों का डेटा बेस बनेगा और अकादमी द्वारा अगले तीन महीनों के कार्यक्रमों का कलेंडर तैयार किया जायेगा।

संभागीय आयुक्त एवं अकादमी अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने बुधवार को अकादमी सभागार में राजस्थानी के साहित्यकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार के लिए अकादमी द्वारा सघन गतिविधियां आयोजित की जायेगी। शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वेबिनार आयोजित होगा। इसमें भारत सहित विभिन्न देशों में रहने वाले राजस्थानी भाषा के हितैषियों को आमंत्रित किया जायेगा तथा उनके रचना कर्म सहित विभिन्न विषयों पर पूरे दिन चर्चा होगी।

अकादमी अध्यक्ष ने कहा कि अगले तीन महीनों तक आयोजित होने वाली गतिविधियों का कलेंडर तैयार किया जायेगा। इस दौरान राजस्थानी के दिवंगत साहित्यकारों की स्मृति में भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वहीं राजस्थानी भाषा दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि अकादमी की पत्रिका 'जागती जोत' को स्कूलों तक पहुंचाने के संबंध में शीघ्र ही शिक्षा निदेशक और समसा निदेशक को पत्र लिखे जायेंगे।

संभागीय आयुक्त एवं अकादमी अध्यक्ष नीरज के. पवन का साहित्य अकादमी में बीकानेर के साहित्यकारों ने साफा पहनाकर सम्मानित किया।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि राजस्थानी भाषा की विभिन्न विधाओं में सृजन करने वाले साहित्यकारों का डेटा बेस तैयार किया जायेगा। वहीं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए अकादमी द्वारा विशेष प्रयास किए जायेंगे। युवाओं खासकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को राजस्थानी में सृजन करने के लिए उचित मंच प्रदान किया जायेगा।

अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि अकादमी की मासिक पत्रिका जागती जोत के अनेक विशेषांक प्रकाशित किये गये हैं। साथ ही अकादमी की ओर से समय-समय पर ऑनलाइन व ऑफलाइन संगोष्ठियां, कवि सम्मेलन आदि आयोजित किए जाते हैं। वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने बीकानेर की साहित्य परम्परा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीकानेर के अनेक साहित्यकारों ने देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई है। युवा साहित्यकार भी इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं।

- **संभागीय आयुक्त एवं अकादमी अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने दिए ये निर्देश**
- **अकादमी द्वारा अगले तीन महीनों के कार्यक्रमों का कलेंडर तैयार किया जायेगा**

इस अवसर पर डॉ. पवन को साहित्यकारों द्वारा साफा, शॉल, पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. शंकर लाल स्वामी, कमल रंगा, सुधा आचार्य, डॉ. अजय जोशी, राजाराम स्वर्णकार, डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, हरिशंकर आचार्य, डॉ. मिर्जा हैदर बेग, डॉ. मोहम्मद फारूक, सुशील छंगाणी, सुनील गज्जाणी, केशव जोशी, मीतू पोपली, कान सिंह, मनोज मोदी, नवरतन जोशी उपस्थित थे।

एसएचओ से नशा बंद कराने की मांग

गजसिंहपुर, (कासं)। गजसिंहपुर कस्बे में बढ़ रहे नशे से परेशान सत्ता पक्ष के पार्षदों ने थाना प्रभारी से नशा बंद करने की मांग की है।

स्थानीय थाना प्रभारी इमरान खान से नगर पालिका पार्षदों ने भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें कस्बे में नशा बंद करवाने की मांग की गई है। पार्षद शेरसिंह का कहना है कि कस्बे में पोस्त, अवैध शराब, चिट्टा, स्मैक, गांजा सब बिकता है। कस्बे के गली मौहल्लों तक यह नशा फैल चुका है, इसे रोका जाये। पार्षद शेरसिंह के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष ताराचंद, पार्षद संजय कैंथ व बलजिंद्र सिंह सोनी इत्यादि मौजूद थे। सभी ने नशे को लेकर चिंता व्यक्त की।

थाना प्रभारी इमरान खान ने पार्षदों से कहा कि नशा कहां बिकता है, उन्हें बतायें। इस पर पार्षदों का कहना था कि यह काम पुलिस का है, पार्षदों का नहीं है। उनका कहना है कि कस्बे में बच्चे बच्चे को पता है कि नशा कहां बिकता है। पुलिस जानबूझकर अनजान बनी हुई है। पार्षदों का कहना है कि पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाही न करने पर उन्हें विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर से अनुरोध करना पड़ेगा। क्योंकि विधायक कुन्नर भी नशे के विरोध में है। वहीं कस्बे वासियों का कहना है कि वार्ड नंबर 2 व 3 के समीप रायसिंहनगर रोड पर एक सब्जी विक्रेता ने नशे का स्टोर बना रखा है। जहां से पूरे कस्बे के ढाबे, होटलों को सप्लाई होती है।

सार-समाचार

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

हनुमानगढ़, (कासं)। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की मासिक बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर नथमल डिडेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतवार कैम्प आयोजित कर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इससे पहले बैठक में जल जीवन मिशन के सदस्य सचिव व पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 362 जल योजनाओं के अधीन कुल 1330 गांवों हेतु राशि 85967.10 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। जिनमें कुल 189099 जल सम्बद्ध किये जाने प्रस्तावित हैं। वर्तमान में 315 जल योजनाओं के अधीन कुल 1109 गांवो के कार्य आदेश जारी किये जा चुके है व कार्य प्रगतिरत है। शेष जल योजनाओं के कार्यादेश की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन व सीईओ जिला परिषद के सहयोग से जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर कुल गांवों में से 1480 वी.ए.पी. (ग्राम कार्य योजना) का अनुमोदन करवाया जा चुका है व कुल 726 ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के खाते खुलवा दिये गये है। शेष खाते खुलवाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। बैठक में जिला कलेक्टर नथमल डिडेल के अलावा सीईओ जिला परिषद अशोक असीजा, पीएचईडी के एसई मनोज सिंह, बिजली विभाग के एसई एम.आर. बिश्नोई, सिंचाई विभाग के एसई डी.एस. बेनीवाल, डीएफओ करण सिंह काजला, सीडीईओ वीरेन्द्र कुमार, पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता हनुमानगढ़ दिनेश कुमार कूकणा, अधिशाषी अभियंता नोहर ताराचंद पिलानिया, अधिशाषी अभियंता हरपाल सिंह, सहायक अभियंता मनिंद्र गोदारा, डीपीएम सियाराम प्रजापत आदि उपस्थित थे।

भानवी चौधरी चेयरपर्सन बनी

बीकानेर, (कासं)। भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान नई दिल्ली के उत्तर क्षेत्रीय परिषद के अंतर्गत आने वाले बीकानेर चैप्टर के वर्ष 2022 के लिए सी. एस. भानवी चौधरी चेयरपर्सन निर्वाचित हुई हैं। सी.एस नम्रता बाफना वाइस चेयरपर्सन एवं सी.एस. मुकुल मेहरा सैक्रेटरी निर्वाचित हुए। निवर्तमान चेयरपर्सन सी.एस. राधा शर्म ने सी. एस. भानवी चौधरी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनकी लीडरशिप में बीकानेर चैप्टर निरंतर विकास करेगी और नये आयाम स्थापित करेगी। सी.एस. भानवी चौधरी ने चेयरपर्सन का पद ग्रहण करते हुए कहा कि वे कम्पनी सचिव पेशें को नई ऊंचाईयों तक ले जाने हेतु हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि पेशेवर कम्पनी सचिवों के फीस में एकरूपता लाने हेतु आदर्श आचार संहिता लागू करने हेतु संस्थान स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सी.एस.कोर्स करने वाले छात्रों को चैप्टर पर समुचित मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस कोर्स को कर चुके व्यक्तियों को प्लेसमेंट में सहायता की जायेगी।

पूर्व मंत्री राजकुमार को श्रद्धांजलि

बीकानेर, (कासं)। आदि धर्म समाज आधस व वाल्मीकि यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नंबर 77 के सामुदायिक भवन में पंजाब के पूर्व राज्य मंत्री राजकुमार अतिका के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदि धर्म समाज बीकानेर के संयोजक राजेश वाल्मीकि व वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने संयुक्त रुप से पूर्व राज्यमंत्री के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, अध्यक्ष आदि धर्म समाज अध्यक्ष नवल निरतक, गंगाधर जादुसंगत, तुलसीराम चांवरिया, ओमप्रकाश लोहिया, ऋषिराज चांवरिया, भगवानदास पंडित, पूनम कंडारा, खेमचंद तेजी, माणिक गुजराती, मुकेश चांवरिया, शंबूक चांवरिया, गोपी जादुसंगत, सुनील चांवरिया, सोनु बारासा, आदि अनेक वाल्मीकि समाज के अनेक संगठनों के लोग मौजूद थे। साथ ही पूर्व राज्य मंत्री राजकुमार के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर नमन किया।

कैरम व क्रिकेट के मुकाबले हुए

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज खेल सप्ताह के अन्तिम दिन कैरम व क्रिकेट के मुकाबले हुए। आज के खेल सप्ताह समापन पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य कुनाल कोचर थे। कुनाल कोचर ने खेल सप्ताह समापन अवसर पर खिलाड़ियों को खेलने की भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद उन्होनें स्वयं किक्रेट खेलकर छात्रों का उत्साह बढाया। खेल प्रभारी डॉ॰ राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि खेल सप्ताह में बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वॉलीबाल, एथेलेटिक्स, शंतरज, कैरम व किक्रेट के मैच खेले गये तथा इन खेलों के विजेता खिलाड़ियों को वार्षिकोत्सव पर पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्राचार्य डॉ शिवराम सिंह झांझड़िया ने खेल निर्णायक प्रतीक सक्सेना, अरूण कुमार सक्सेना, देवेन्द्र पटवा, दीपेश पटवा व वीरेन्द्र चावला का आभार प्रकट किया। सम्पूर्ण स्टाफ व छात्रों को सफलतापूर्वक खेल सप्ताह के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस खेल सप्ताह के सफल समापन पर महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

बालिका दिवस पर होंगी प्रतियोगिताएं

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। उपनिदेशक मेघा रतन ने बताया कि इस अवसर पर मेरे सपने, मेरी उड़ान विषय पर 150 शब्दों की लेखन प्रतियोगिता दो आयुवर्ग 10 से 14 व 14 से 18 आयुवर्ग में वर्चुअल रूप से आमंत्रित की गई है। विजेता को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर पुरस्कृत किया जाएगा।

67 ग्राम पंचायतों के वॉटर सिक्युरिटी प्लान बनाने के निर्देश दिए

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की 3 हनुमानगढ़, संगरिया और टिब्बी तहसील में चल रही अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर नथमल डिडेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने अटल भूजल योजना के अंतर्गत जिले के चयनित तीन ब्लॉक हनुमानगढ़, संगरिया और टिब्बी के शेष 67 ग्राम पंचायतों के वाटर सिक्योरिटी प्लान तैयार करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक आंकड़े व अन्य आवश्यक सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। डिडेल ने कहा कि भूजल को अच्छा करने और जल का कुशलतम प्रबंधन को लेकर सरकार की ये शानदार योजना है। लिहाजा इस योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा इस जिले को मिले।

इससे पहले बैठक में भूजल विभाग श्रीगंगानगर कार्यालय से आये अटल भूजल योजना हनुमानगढ़ के नोडल अधिकारी बरकत अली ने बताया कि 17 जनवरी से 20 जनवरी तक कुल 30 ग्राम पंचायतों में आईईसी गतिविधियों के द्वारा अटल भूजल योजना के प्रचार प्रसार के कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। जिससे लोगों में भूजल के गिरते स्तर की रोकथाम एवं सुधार के बारे में जानकारी दी जा रही है।

हनुमानगढ़ कलेक्टर नथमल डिडेल ने अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

बैठक में कलेक्टर नथमल डिडेल के अलावा सीईओ जिला परिषद अशोक असीजा, अटल भूजल योजना हनुमानगढ़ के नोडल अधिकारी बरकत अली, पीएचईडी एसई मनोज सिंह, बिजली विभाग के एसई एम.आर. बिश्नोई, सिंचाई विभाग के एसई डीएस बेनीवाल, डीएफओ करण सिंह काजला, सीडीईओ वीरेन्द्र कुमार, पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता हनुमानगढ़ दिनेश कुमार कुकणा, अधिशासी अभियंता नोहर ताराचंद पिलानिया, अधिशाषी अभियंता हरपाल सिंह, सहायक अभियंता मनिंद्र गोदारा शामिल थे।

कृषक मित्र एकता संघ के संयोजक मण्डल का गठन

बीकानेर, (कासं)। कृषक मित्र एकता संघ की मीटिंग यहां आनंद निकेतन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता तीन सदस्य अध्यक्ष मण्डल जोराराम बिश्नोई, दीन मोहम्मद, सुखराम गोदारा ने की।

उपस्थित कृषक मित्रों ने चर्चा कर जिला संयोजक मण्डल का गठन किया गया। ग्यारह सदस्यीय मण्डल ने सर्वसम्मति से जेठाराम लाखूसर को जिला संयोजक व सत्यनाराण कुलडिया को सह संयोजक मनोनीत किया। नौ सदस्यों में भंवरलाल सहारण, गंगाबिशन बिश्नोई, बलवंत सिंह सहारण, बाबूलाल शर्मा लूणकरनसर, मघाराम सिद्ध, रामप्रताप, भीवदान चारण, सुभाष बिश्नोई पूगल, गोपालराम सियाग छतरगढ को शामिल किया गया है।

उपस्थित कृषक मित्रों ने उप निदेशक आत्मा बीकानेर व उप निदेशक कृषि विस्तार को अलग अलग ज्ञापन देकर सात सूत्री मांग पत्र देकर चर्चा की। जिसमें संगठन ने 21 फरवरी को एक दिवसीय कृषक मित्र का जिला मुख्यालय पर धरना देने का फैसला लिया गया है।

बीकानेर में 356 नये करोना पॉजिटिव मिले

बीकानेर, (कासं)। जिले में करोना पॉजिटिव का आंकड़ा कुछ कम हुआ है लेकिन कोविड का खतरा अब भी कहर बरपा रहा है। बुधवार को बीकानेर में 356 करोना पॉजिटिव सामने आये।

शहर के साथ अब आसपास के गांवों में करोना रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नोखा में सबसे ज्यादा हालात खराब है जहां हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है। मंगलवार को यहां 68 टेस्ट की रिपोर्ट बुधवार को आई जिसमें 32 पॉजिटिव है। इसमें 14 साल का एक बच्चा भी शामिल है।

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती रोगियों में एक 70 वर्षीय वृद्ध की मंगलवार को मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले सांस में तकलीफ के चलते भर्ती किया गया था। जिसकी करोना जांच करवाई गई। यह पॉजिटिव आने पर उसे एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अब तक सात लोगों ने बीकानेर में करोना की तीसरी लहर में दम तोड़ दिया है। सुबह की रिपोर्ट में 296 पॉजिटिव आये हैं। जबकि शाम की रिपोर्ट में 60 पॉजिटिव आये हैं।

बीकानेर में सबसे ज्यादा पॉजिटिव पीबीएम अस्पताल के कोविड ओपीडी में मिल रहे हैं। बुधवार को मिले करीब तीन सौ पॉजिटिव में दो सौ इसी सेंटर पर लिये गए केस है। इनमें बड़ी संख्या उन रोगियों की है जो अन्य बीमारियों के चलते पीबीएम अस्पताल में इलाज ले रहे हैं लेकिन इलाज के दौरान यहां पॉजिटिव हो गए।

- **नोखा में हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है**

बुधवार को यहां 190 पॉजिटिव मिले हैं। कमोबेश हर दूसरा टेस्ट यहां पॉजिटिव आ रहा है। वहीं गंगाशहर में भी हालात खराब है। जहां मंगलवार को 59 टेस्ट किये गए थे, जिसमें 25 पॉजिटिव है। गंगाशहर में भी लगभग हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव मिल रहा है। यहां भी बच्चे कोरोना संक्रमित हो रहे हैं।

बुधवार की रिपोर्ट में सोलह व सत्रह साल के दो बच्चे पॉजिटिव आए हैं। जस्सूसर गेट स्थित सैटेलाइट अस्पताल में भी हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है। यहां मंगलवार को 112 रोगियों ने अपनी जांच करवाई थी, जिसमें 60 पॉजिटिव है।

सब जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 26 को

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा व शिवशक्ति परिवार सूरत-बीकानेर द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के विनर कप व रनर कप का शिवशक्ति सदन के सेठ प्रेमरतन सेवग सभागार में अनावरण किया। सब जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 26 जनवरी को होगी।

महासभा अध्यक्ष सत्यदीप शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, शिवशक्ति परिवार से बलदेव प्रसाद शर्मा, शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. के. शर्मा, पूर्व पार्षद राजा सेवग, वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद दास शर्मा व पुरुषोत्तम लाल सेवक व सभी टीमें के कप्तानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी टीमों कि खिलाड़ी भी मौजूद थे। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि शाकद्वीपी समाज में समय-समय पर ऐसे आयोजन पहले भी होते रहे हैं। लेकिन सब जूनियर वर्ग की यह प्रतियोगिता पहली बार हो रही है। यह सबके लिये हर्ष की बात है।

आर. के शर्मा ने बताया कि समाज द्वारा क्रिकेट के साथ-साथ अन्य आयोजन भी समय समय पर महासभा द्वारा कराये है जिनमें वैदिक शिविर, पैरासेलिंग आदि में भी समाज के बच्चों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। राजा सेवग ने ऐसे आयोजन होने पर खुशी व्यक्त की और अपना हर सम्भव सहयोग देने की बात कही।

कोलायत क्षेत्र में 10 नए ट्यूबवैल स्वीकृत

बीकानेर, (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कोलायत विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए 10 नये ट्यूबवैल की स्वीकृति दिलाई है।

ऊर्जा मंत्री भाटी ने बताया कि खारा लोहान गांव में, बाला का गोल गांव में, हाडला भाटियान, शरह लवायत, डेह, खिखनिया पट्टा, भोलासर चौहान, शरह कुम्भोलाई, गडियाला और उदय सिंह ढाणी गांव में नवीन ट्यूबवैल का निर्माण करवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि ट्यूबवैलों का निर्माण होने पर गांवों में पेयजल की समस्या का समाधान होगा। इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

जैन श्वेतांबर समिति ने 111 करोना केयर मेडिकल किट सौंपे

हनुमानगढ़, (कासं)। करोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी आंचलिक समिति ने बुधवार को जिला कलेक्टर नथमल डिडेल को उनके चैम्बर में 111 कोविड केयर मेडिकल किट सौंपी।

श्री जैन श्वेतांबर आंचलिक समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कोठारी के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने ये किट जिला कलेक्टर को सौंपी। जिला कलेक्टर ने समिति द्वारा करोना काल में किए जा रहे कार्यों को लेकर समिति का आभार जताते हुए कहा कि सब के सहयोग से ही कोविड जैसी महामारी से निपटा जा सकता है। इस दौरान सीएमएचओ डॉ नवनीत शर्मा, पीआरओ सुरेश बिश्नोई के अलावा समिति मंत्री मूलचंद बांठिया, संगठन मंत्री आनंद जैन, प्रचार मंत्री सतीश पुगलिया, संरक्षक बाबूलाल दुग्गड़, तेरापंथ सभा हनुमानगढ़ टाउन अध्यक्ष सुरेंद्र बोथरा आदि उपस्थित थे। आंचलिक समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र कोठारी ने बताया कि समिति जैन श्वेताम्बर तेरापंथी समाज के हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, फाजिल्का, अबोहर एवं ऐलनाबाद के 45 क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती है। समिति धार्मिक, नैतिक, सामाजिक सेवा कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। कोविड-19 की पहली व दूसरी लहर के दौरान क्षेत्र की अणुव्रत समिति व आंचलिक समिति के माध्यम से अनेक सेवा कार्य किए गए एवं प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया गया।

- **कलेक्टर ने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर आभार जताया**

यूआईटी ने खातेदारों को सौंपे गौतमबुद्ध नगर के नक्शे, पट्टे बनाने पर की चर्चा

श्रीगंगानगर, (कासं)। नगर विकास न्यास (यूआईटी) की बैठक बुधवार शाम को गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान यूआईटी द्वारा प्रस्तावित गौतमबुद्ध नगर के नक्शे खातेदारों को सौंपे गए। जबकि विधायक द्वारा प्रस्तावित स्थान पर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश यूआईटी अधिकारियों को दिये गए।

बैठक में यूआईटी सचिव डॉ. हरीतिमा द्वारा अवगत करवाया गया कि गौतमबुद्ध नगर की बिक्री के लिए रिजर्व प्राइस राशि 8700 प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। इस दौरान भूप कॉलोनी का नक्शा स्वीकृत करते हुए शीघ्र ही यहां पट्टे बनाने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। डॉ. हरीतिमा ने बताया कि नया चक के पट्टे भी बनाने की कार्यवाही जल्द शुरू करने पर चर्चा की। इस दौरान दर्पण एनक्लेव (पत्रकार कॉलोनी) में शेष भूखंडों की लॉटरी निकालने के लिए शुक्रवार को बैठक बुलाने पर सहमति बनी।

गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने नगर विकास न्यास की बैठक को संबोधित किया।

बैठक में आगामी कार्रवाई के बारे गठित समिति सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श किया जायेगा। बैठक के दौरान विधायक गौड़ ने यूआईटी को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप गौतमबुद्ध नगर बसाने के निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर में प्रस्तावित रिजर्व प्राइस को कोटा सहित अन्य यूआईटी की तरह रखे जाने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा होने पर आमजन भी इसमें सहभागी बन सकेंगे।

- **बिक्री के लिए रिजर्व प्राइस राशि 8700 प्रति वर्ग मीटर रखी गई है**

डॉ. हरीतिमा ने बताया कि बैठक के दौरान ही खातेदारों को गौतमबुद्ध नगर के नक्शे सौंपते हुए इनमें से 25 प्रतिशत भूखंड चिन्हित करने के बाद अपनी-अपनी सूचियां यूआईटी को देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक गौड़ द्वारा यूआईटी एक्सईएन को सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रस्तावित गौतमबुद्ध नगर की 100 फीट रोड के बीच में आ रहे स्कूल की भूमि के संबंध में दानदाता श्योपत सिंह और यूआईटी अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद निर्णय करने पर सहमति बनी। बैठक में खातेदार और यूआईटी के अधिकारी मौजूद थे।

ऊर्जा नाट्य समारोह में नाटक 'शनिवार दोपहर दो बजे' का मंचन

बीकानेर, (कासं)। सांस्कृतिक मंत्रालय दिल्ली के सहयोग से ऊर्जा थियेटर सोसायटी बीकानेर में आयोजित ऊर्जा नाट्य समारोह के चौथे दिन यू एस एकेडमी की प्रस्तुति नाटक 'शनिवार दोपहर दो बजे का' सफल मंचन स्थानीय टाउन हॉल में किया गया।

इसके लेखक सुरेंद्र वर्मा हैं और निर्देशन युवा रंगकर्मी भरत राजपरोहित ने किया। नाटक में आज के जीवन में आधुनिक संस्कृति के बदलते रूप ने अतृप्त वासना ने घरों को तोड़ना शुरू कर दिया है। घरों में दफ्तर घुस आये हैं। बैडरूम में फाईलें खुल रही है। बिस्तरों पर दफ्तर के बॉस की गंध फैली है या घर के आदमी की कोट-जेब में किसी और घर की चाबी रहती है। पुरूष अपनी स्त्री को बासी मानकर, बार की खाक छान रहा है। वह घर से उब चुका है। उसमें अकारण आक्रोश बढ़ रहा है।

कभी कोई शनिवार हाथ भी लग जाता है। वे शनिवार में बंटकर रह गए है। ओवर टाइम के नाम पर शनिवार के दो घंटे अज्ञात स्थान पर वे दोनों मिलते हैं। पूरा सप्ताह वे सात दिनों को झेलते हैं। शनिवार के इंतजार में वे अपना कामकाज बराबर निपटाते हैं। पूरा सप्ताह स्त्री का जीवन धीरे-धीरे सहज हो गया है। स्त्री का पुरूष के साथ अनैतिक संबंध कोई जानता है, जान ले उन्हें अब कोई फर्क नहीं पड़ा। पुरूष और स्त्री इसी तरह से जीवन का शून्य भर रहे है। समकालीन दफ्तरी जीवन, टूटे घर, ढोते हैं। रिश्ते शनिवार में बंध रहे हैं। उन्हे सिर्फ कलेंडर पर शनिवार ही दिखता है और उनकी घडियों में केवल दो ही बजते हैं।

बीकानेर में ऊर्जा नाट्य समारोह में नाटक 'शनिवार दोपहर 2 बजे' के मंचन में प्रस्तुति देते कलाकार।